BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 04 दिसम्बर, 2024 **थाना ककोड़**

फूलवती की हत्या का सफल अनावरण, हत्या में संलिप्त पौत्र आलाकत्ल सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 30.03.2024 को वादी हरवीर सिंह पुत्र भमीचन्द सिंह निवासी ग्राम सुनपेड़ा थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना ककोड़ पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 29/30.03.2024 की रात्रि में उसकी ताई श्रीमती फूलवती पत्नी किरोड़ी सिंह अपने घेर में सो रहा थी तभी किसी अज्ञात द्वारा घातक प्रहार कर उनकी हत्या कर दी गयी। उक्त के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ककोड पर मुअसं- 113/24 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के क्रम में जांच/छानबीन व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये मृतका के पौत्र आकाश को आज दिनांक 04.12.2024 को स्वाट टीम व थाना ककोड़ पुलिस द्वारा सुनपैड़ा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल चारपाई का पाया बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- आकाश पुत्र रामवीर निवासी ग्राम सुनपैड़ा थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- चारपाई का पाया (आलाकत्ल)

हत्या का कारण- मृतका फूलवती से उसके पुत्र रामवीर व पौत्र आकाश ने पौत्र कौशलेन्द्र की नौकरी लगवाने के लिए वर्ष- 2018 में बैंक से 06 लाख का लोन निकलवाया था जिसको वापस नहीं किया गया और कर्ज बढ़ता जा रहा था। मृतका का पौत्र आकाश लोन/ब्याज को जमा करने के लिए जमीन बिकवाना चाहता था जो की मृतका के नाम थी तथा मृतका फूलवती इसके लिए तैयार नहीं थी। इसी बात से नाराज होकर दिनांक 29/30.03.2024 की रात्रि में आकाश ने जब उसकी दादी फूलवती घेर में सो रही थी, उसकी गर्दन पकड़कर चारपाई के पाये में सिर मारकर हत्या कर दी।

स्वाट टीम-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी प्रभारी स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।

थाना ककोड पुलिस टीम-

1. श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
2. उ0नि0 रमेश चन्द, उ0नि0 शीलेन्द्र शर्मा, उ0नि0 मनेन्द्र कुमार
3. है0का0 कालीचरण

मीडिया सेल बुलंदशहर